आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 13.02.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश के छह जिलों में आज वनाग्नि को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में ड्रिल की जानकारी ली।
- उत्तराखंड के 72 पुलिसकर्मी साइबर कमांडो परीक्षा में सफल, देश में मिला तीसरा स्थान।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को प्रत्येक जिले में तत्काल प्रभाव से जिला प्रवासी प्रकोष्ठ गठित करने के निर्देश दिए।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दे रहे हैं।

**वनाग्नि मॉक ड्रिल**

प्रदेश के छह जिलों– अल्मोड़ा, चंपावत ,पौड़ी, टिहरी, देहरादून और उत्तरकाशी के 16 स्थानों पर आज वनाग्नि को लेकर मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान वनाग्नि पर नियंत्रण के लिए संबंधित विभागों की तैयारियों को परखा गया। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में मॉक ड्रिल की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भविष्य में वनाग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए संबंधित विभगाों के साथ ही जन समुदायों की सहभागिता से जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। उधर, चम्पावत जिले के दो स्थानों पर वनाग्नि का पूर्वाभ्यास किया गया। वनाग्नि मॉक ड्रिल की नोडल और लोहाघाट की उप जिलाधिकारी नितेश डांगर ने बताया कि वनाग्नि जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए चम्पावत तहसील के लमाई पुनेठी और पाटी तहसील के धुनाघाट में मॉक ड्रिल की गई।

**साइबर कमांडो**

उत्तराखंड के 72 पुलिस कर्मियों ने साइबर कमांडो परीक्षा को उत्तीर्ण कर, राज्य को देश में तीसरा स्थान दिलाने में सफलता हासिल की है। इसके अलावा, तीन पुलिसकर्मियों ने ऑल इंडिया रैंकिंग में दूसरा, छठा और दसवां स्थान भी प्राप्त किया है। उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स– एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि इस परीक्षा में उत्तराखंड से 242 पुलिस कर्मी शामिल हुए थे, जिनमें से 72 का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि चयनित कर्मियों को देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थान, राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय आदि में गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा।

**विश्व रेडियो दिवस**

आज विश्व रेडियो दिवस है। लोगों में रेडियो के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रेडियो के जरिए सूचना पाने को प्रोत्साहन देने के लिए हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। यह रेडियो की विशिष्ट उपयोगिता को याद करने का भी दिन है, जो दुनिया के हर हिस्से में लोगों तक पहुंचता है और उन्हें एकजुट करता है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस का विषय है – रेडियो और जलवायु परिवर्तन। इस अवसर पर अपने संदेश में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि समाचार और सूचना का प्रसार करते हुए रेडियो राष्ट्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को प्रत्येक जिले में तत्काल प्रभाव से जिला प्रवासी प्रकोष्ठ गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रवासियों द्वारा गोद लिए जाने वाले गांवों के विभिन्न मुद्दों, समस्याओं, भूमि सम्बन्धित विषयों का तत्परता से निस्तारण करने को कहा है। मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड के प्रवासियों द्वारा राज्य के गांवों को गोद लेने के अभियान की प्रगति की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने जिलाधिकारियों को राज्य के विकास में विभिन्न कार्यों के माध्यम से सहयोग करने के इच्छुक प्रवासियों के सहयोग हेतु जिला प्रशासन और प्रवासियों की माह में एक बार अनिवार्य बैठक आयोजित करने को भी कहा है।

**राष्ट्रीय खेल**

38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन के पूर्व दिवस पर आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दे रहे हैं। इसी कड़ी में रूद्रपुर में शूटिंग के फाइनल मुकाबले खेले जा रहे हैं। वहीं राजधानी देहरादून में नेटबॉल मिक्स, टेबल टैनिस, जिमनास्टिक और जूडो की मुख्य स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। हरिद्वार जिले में कुश्ती और पुरूष व महिला वर्ग में हॉकी के फाइनल मुकाबले जारी हैं। टिहरी में कयाकिंग और कैनोइंग में खिलाड़ी अपना दमखम दिखा रहे हैं। वहीं, ऊधमसिंहनगर के खटीमा में पुरूष व महिला मलखंभ की प्रतियोगिताएं खेली जा रही हैं। हल्द्वानी में फैंसिंग मॉर्डन पेंथालॉन के रोमांचक मुकाबले जारी हैं।

**पीलिया मरीज पिथौरागढ़**

पिथौरागढ़ जिले में इन दिनों पीलिया के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिले के विभिन्न इलाकों से पीलिया के मरीज जिला अस्पताल पिथौरागढ़ में इलाज को पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के मुख्य फिजिशियन डॉ. डी.एस धर्मशक्तू ने बताया कि बीते दो–तीन हफ्तों से पीलिया के मरीजों की तादाद में वृद्धि देखने को मिली है और अधिकतर 30 साल से कम उम्र वाले युवा और बच्चे इसकी चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मरीज की जांच के बाद उनका समुचित उपचार किया जा रहा है।

वहीं जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जे.एस नबियाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से पीलिया से बचाव के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे बचने के लिए लोगों को जंक फूड और बाहर के खानपान से बचना चाहिए। साथ ही साफ–सफाई का विशेष ध्यान देना चाहिए।

**मुख्यमंत्री संवाद**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन, खेल के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से राज्य भर में खेल सुविधाओं का विस्तार हुआ है, खेल के बुनियादी ढांचे को और बेहतर किया गया है। साथ ही प्रदेश के विभिन्न खेल परिसरों में स्थायी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है, जिससे आने वाले समय में राज्य के युवा खिलाड़ियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। श्री धामी ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत मौली संवाद कार्यक्रम में यह बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ड्रोन सर्विस तकनीशियन कोर्स– ड्रोन दीदी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली युवतियों को पुरस्कार स्वरूप ड्रोन देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों को लेकर राज्य भर में खिलाड़ियों में नया जोश है। इससे राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब उत्तराखंड देवभूमि के साथ खेल भूमि के रूप में भी जाना जाएगा।